हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 31 अक्टूबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]


तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री


09 आयुर्वेद चिकित्सा फिक्स डिपाजिट की तरह : डॉ. राठौड़



10 कार्तिक स्नान की परंपरा विलुप्त होने की कगार पर




आशु पेन्ट्स, डिस्टेम्पर
डिस्टेम्पर | चूना | ब्रस | पुट्टी
सस्ते दामों में फटाका
1000 की खरीदी में 20% छूट
उदित सोनी नंदी चौक, साँकरा
मो. 9516717771 9516017771

शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेराइटी के गहने उपलब्ध
ओम ज्वेलर्स
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
मेकिंग चार्ज फ्री
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं...
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री
रिसाई पारा, कोडुमल सिंधी धर्मशाला के सामने, धमतरी मो.: 9907170835


## खबर संक्षेप

### उड़ेना में अखाड़ा प्रतियोगिता 4 को

**पुरी।** जय बजरंग शिवशक्ति अखाड़ा दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम उड़ेना में छग राज्य स्तरीय एक दिवसीय अखाड़ा प्रतियोगिता 4 नवंबर सोमवार को रखी गई है। प्रथम पुरस्कार 3000 रु., द्वितीय पुरस्कार 2500 रु., तृतीय पुरस्कार 2000 रु. एवं सांत्वना पुरस्कार 2000 रुपये रखा गया है।

### अधिकारी-कर्मचारी संगठन का दीपावली मिलन 1 को

**मगरलोड।** इस वर्ष भी अधिकारी कर्मचारी संगठन करेली बड़ी के तत्वावधान में दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 1 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से पुराना ग्राम पंचायत भवन में रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्यातिथि सुखीराम साहू सेवानिवृत्त प्रधान पाठक होंगे। अध्यक्षता डा. अमरसिंह साहू प्राध्यापक निवासी करेली बड़ी करेंगे। विशिष्ट अतिथि डोमारसिंह साहू सरपंच, महेन्द्र साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन शाला समिति अजय सिंह चौकी प्रभारी, पदुम लाल साहू उपसरपंच, आरआर साहू सेवानिवृत्त प्रधानपाठक, भागबली दावना सेवानिवृत्त केन्द्रीय कर्मचारी, डीसी साहू सेवानिवृत्त बिजली विभाग, संतोष साहू जनपद सदस्य मगरलोड, दयाराम साहू जिला संयोजक साहू समाज होंगे।

### घटुला में डीजे डांस 2 को

**नगरी।** नव आनंद कला बाल मण्डली घठुला (बड़ेपारा) के तत्वावधान में 2 नवंबर को रात्रि 8 बजे राज्य स्तरीय डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। सामूहिक डांस में प्रथम पुरस्कार 10001, द्वितीय 7001, तृतीय 4001, युगल डांस में प्रथम पुरस्कार 5001, द्वितीय 3001, तृतीय 2001, एकल डांस में प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय 2001, तृतीय पुरस्कार 1000 रूपये दिया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में समिति अध्यक्ष भगवान सिंह गौर, उपाध्यक्ष योगेश्वर कश्यप, कोषाध्यक्ष यंजन साहू, सचिव चन्द्रभान, सहसचिव नंदकिशोर सोनी, संरक्षक महेश नाग, जनकराज साहू, वामदेव कौशल, विशेश्वर नाग, लतखोर पटेल जुटे हैं। सामूहिक में प्रवेश शुल्क 300 रू., युगल में 200 रू. और एकल में 100 रूपये है।

### सहकारी कर्मियों का आंदोलन 4 को रायपुर में

**पुरी।** प्रदेश के 33 जिलों में कार्यरत लगभग 13,000 कर्मचारी अपनी लंबित जायज मांगों को लेकर 4 नवंबर को संभाग स्तर पर तूता रायपुर में आंदोलन करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि समिति प्रबंधक, लेखापाल, लिपिक ऑपरेटर विक्रेता ,चपरासी, चौकीदार इस बार आरपार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं। बताया कि 4 वर्षों से समिति के कर्मचारियों को दीपावली बोनस नहीं मिला है। कई मांगों को लेकर कर्मचारी 4 नवंबर को संभाग स्तरीय आंदोलन में शामिल होंगे।

चार लोगों की सोच आपस में मिली और शुरू हो गया नेक कार्य, एक्जेक्ट फाउंडशेन के आवासीय विद्यालय में दिव्यांग छात्र बन रहे सबल

# दिव्यांगों के जीवन में भर रहे दिवाली सा उजियारा

दीपनारायण शर्मा ▶▶धमतरी

चार लोगों की सोच आपस में मिली और शुरू हो गई दिव्यांगों के जीवन में दिवाली जैसा उजियारा लाने की मुहिम। लोगों का भरपूर सपोर्ट मिला। आज एक्जेक्ट फाउंडेशन दिव्यांग बच्चों को केवल शिक्षा नहीं दे रहा है, बल्कि उन्हें इतना सबल बना रहा है कि वे आसानी से अपना जीवन जी रहे हैं। इस संस्था के 7 दिव्यांग तो ऐसे हैं, जो यहां से पढ़कर निकलने के बाद दिल्ली में रोजगार कर रहे हैं।

एक्जेक्ट फाउंडेशन अब लोगों के परिचय का मोहताज नहीं है। 10 साल पहले चार लोगों की सोच ने इस संस्था को जन्म दिया। चारों फाउंडर मेंबर अलग- अलग जगह से हैं। लक्ष्मी सोनी कवर्धा, देवश्री जोश डांडेसरा, शशि निर्मलकर भुसरेंगा और रूबी सूर्यवंशी मुल्ले की रहने वाली है। ये चारों कुरूद क्षेत्र में एक संस्था में काम करते थे। चारों की सोच आपस में मिली और उन्होंने दिव्यांगों के लिए कुछ करने के लिए एक्जेक्ट फाउंडेशन की शुरूआत की। यह एक आवासीय विद्यालय है, जो दिव्यांगों को सबल बनाने की दिशा में काम कर रहा है। पहले यह संस्था डांडेसरा में संचालित थी। अब रूद्री में शिक्षा विभाग के एक भवन में संचालित हो रही है। इस संस्था के नेक कार्यों को देखते हुए आम लोगों का भरपूर सपोर्ट मिल रहा है, जिससे संस्था के संचालन में मदद मिलती है।





### घर से मिली सीख

चारों फाउंडर मेंबर के घर में कोई न कोई दिव्यांग हैं। लक्ष्मी सोनी के घर में पैरों से दिव्यांग सदस्य है। देवश्री जोशी की बहन दिव्यांग हैं। शशि निर्मलकर खुद दिव्यांग हैं। रूबी सूर्यवंशी की दो बहनें हैं। दोनों दिव्यांग हैं। रोज चारों अपने घर में दिव्यांगों के जीवन को नजदीक से देखती हैं। घर से ही उन्हें दिव्यांगों के लिए कुछ करने की प्रेरणा मिली। इसके बाद चारों ने मिलकर इस संस्था की शुरूआत की।

### भर रहे जीवन में रोशनी

संस्था में वर्तमान में 45 छात्र अध्ययनरत हैं। इनमें दृष्टिबाधित, अस्थिबाधित, मूकबधिर दिव्यांग शामिल हैं। संस्था में 12 शिक्षक हैं, जो दृष्टिबाधितों को ब्रेललिपि, मूकबधिरों को साइन लैंग्वेज से पढ़ाते हैं। यहां पर कक्षा पहली से लेकर कॉलेज स्तर तक की पढ़ाई होती है। यहां से 12 छात्र पढ़कर निकल चुके हैं, जो विभिन्न क्षेत्र में काम कर रहे हैं। 7 छात्र ऐसे हैं, जो दिल्ली में रहकर पैकेंजिंग का काम कर रहे हैं।

### संस्था में ही मनाते हैं दिवाली

दिवाली में हर कोई अपने घर में परिवार के साथ दिवाली मनाता है, लेकिन एक्जेक्ट फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर संस्था के छात्रों को अपना परिवार मानते हैं। संस्था में केवल धमतरी के ही नहीं बल्कि रायपुर, दुर्ग, भिलाई, नगरी, बलौदाबाजार से भी छात्र पढ़ते हैं। दिवाली के वक्त अधिकांश छात्र घर चले जाते हैं लेकिन कुछ छात्र घर नहीं जाते हैं। संस्था के फाउंडर मेंबर उनके साथ ही संस्था में रहकर दिवाली मनाते हैं। बकायदा उनके साथ लक्ष्मी पूजा करते हैं। पूरी संस्था को रोशन करते हैं।

## प्रताड़ना से तंग आकर सरकारी कर्मचारी ने मौत को गले लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ ब्राम्हण समाज में आक्रोश

रायपुर राजस्व शाखा में पदस्थ प्रदीप उपाध्याय के आत्महत्या मामले ने तूल पकड़ लिया है। ब्राम्हण समाज ने इस मामले को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और प्रदीप को प्रताड़ित करने वाले तीन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

बुधवार को ब्राम्हण समाज का एक प्रतिनिधि मंडल कलेक्टोरट पहुंचा और अतिरिक्त कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश युवा मंच अध्यक्ष विक्रांत शर्मा ने बताया कि प्रदीप ने सुसाइड नोट लिखकर आत्महत्या की है। सुसाइट नोट में उसने तीन अधिकारियों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। सुसाइड में जातिसूचक असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर लगातार प्रताड़ना की बात लिखी गई है। इससे रायपुर ही नहीं पूरे प्रदेश के ब्राम्हणों में आक्रोश है।



राष्ट्रीय सर्व ब्राम्हण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा के प्रांतीय आव्हान पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। समाज के पीयूष पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, महिला मंच अध्यक्ष बरखा शर्मा व युवा मंच अध्यक्ष शुभांक मिश्रा ने इस मामले में जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## मिर्जापुर का गांजा तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ आरोपी से 1.43 लाख का अवैध गांजा बरामद

ज्यूपिटर स्कूटी में अवैध रूप से गांजा की तस्करी कर रहे मिर्जापुर उत्तरप्रदेश के गांजा तस्कर को अर्जुनी व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

जिले में हो रही अवैध शराब व गांजा बिक्री पर अंकुश लगाने एसपी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने पुलिस को निर्देशित किया गया है, जिसके तहत मंगलवार को पुलिस नगरी रोड में मथुराडीह मोड़-भोयना के पास वाहन चेकिंग कर मोटर व्हीकल्स एकट के तहत कार्रवाई कर रही थी। इसी दौरान नगरी की ओर से आ रही ज्यूपिटर स्कूटी क्रमांक यूपी 63 एजेड 5573 को रोककर तलाशी ली गई। चेकिंग में स्कूटी से 4 पैकेट गांजा 9 किलो 592 ग्राम कीमत 1 लाख 43 हजार 80 रूपये बरामद किया गया। स्कूटी चालक ने पूछताछ में अपना नाम रविशंकर विंद पिता कन्हैया उम्र 26 वर्ष ग्राम सेमरी थाना विंध्यांचल जिला मिर्जापुर उत्तरप्रदेश निवासी बताया। युवक की तलाशी के दौरान नकदी 18 सौ व एक एंड्राइड मोबाइल बरामद किया। आरोपी के कब्जे से स्कूटी जब्त की गई है। पुलिस ने धारा 20-बी-1, बी-2 एनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी रविशंकर विंद को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



इस कार्रवाई में साइबर प्रभारी सन्नी दुबे, प्रआ लोकेश नेताम, योगेश नाग, मुकेश मिश्रा, दीपक साहू, कृष्णा पाटिल, आनंद कटकवार, युवराज ठाकुर, विकास द्विवेदी, फनेश साहू, कमल जोशी, धीरज डडसेना, योगेश ध्रुव, देवेन्द्र साहू, मनोज साहू, गोपाल चंद्राकर, किशोर देशमुख, अर्जुनी थाना से एएसआई अजय बनारसी, प्रआ विजय बैरागी, आरक्षक मनोज साहू व तेजराम साहू का योगदान रहा।

## दीपावली में मौसम का मिजाज रहेगा खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ हल्की वर्षा होने की संभावना

दीपावली त्योहार में मौसम के खराब रहने की संभावना बनी हुई है। धनतेरस की शाम को आधे घंटे की मध्यम बारिश ने व्यापारी तथा ग्राहकों को परेशान किया। वहीं आगामी 3 दिनों तक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

मौसम विज्ञान केन्द्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को प्रदेश के एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा हो सकती है। वहीं आगामी दो दिनों के बाद भी एक दो स्थानों में हल्की वर्षा की संभावना बनी हुई है। दाना चक्रवात के जाने के बाद प्रदेश में छोटे-बड़े बादल आसमान में फैले हुए हैं। इससे कहीं-कहीं बारिश तथा गरज -चमक हो रहे हैं। वहीं दक्षिण आंध्रप्रदेश से सटे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण औसत समुद्र तल से 1.5 किमी से 3.1 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। हालांकि मौसम संबंधी विभागीय चेतावनी नहीं है।


हरिभूमि पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969


## दीपावली पर जिला अस्पताल की ओपीडी दो दिन रहेगी बंद, इमरजेंसी सेवा रहेंगी जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ डाक्टरों व स्टाफ की रोस्टर के अनुसार लगाई गई ड्यूटी

दीपावली त्योहार पर जिला अस्पताल की ओपीडी सेवा दो दिन के लिए बंद रहेगी। अस्पताल में आपातकालीन सेवा यथावत रहेगी, जिसके लिए डाक्टर्स व स्टाफ की ड्यूटी लगाई गई है।

जिले में दिवाली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। बाजार में खरीदारों की भीड़ लगी हुई है। त्योहार के लिए शासन द्वारा शासकीय अवकाश घोषित किया गया है, जिसके चलते इस त्योहार पर जिला अस्पताल की ओपीडी सेवाएं दो दिन प्रभावित रहेंगी। त्योहार पर जिला अस्पताल की ओपीडी गुरूवार व शुक्रवार को बंद रहेगी। इस दौरान आपातकालीन सेवाएं जारी रहेगी। 1 नवम्बर शनिवार को अस्पताल की ओपीडी खुल जाएगी, जो अपने समयानुसार चलेगी। अवकाश के दिनों के लिए आपातकाल ड्यूटी के लिए डाक्टर्स व स्टाफ का ड्यूटी रोस्टर बनाया गया है। गुरूवार को सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक डॉ. मेहताब अहमद की ड्यूटी लगाई गइ है। वहीं रात्रि 8 बजे से शुक्रवार की सुबह 8 बजे तक डॉ. एमए नसीम सेवा देंगे। इसी तरह शुक्रवार की सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक डॉ. तेजस शाह, दोपहर 2 बजे से रात्रि 8 बजे तक डॉ. अखिलेश देवांगन व रात्रि 8 बजे से शनिवार की सुबह 8 बजे तक तैनात रहेंगे। वहीं एम्बुलेंस के तीनों चालक की बारी-बारी से ड्यूटी लगाई गई है। इसी तरह वार्ड ब्वाय, वार्ड आया व स्टाफ नर्स की वार्डों में तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है।




### आपातकालीन सेवा यथावत रहेगी : सिविल सर्जन

जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. अरूण टोन्डर ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार दीपावली त्योहार पर अवकाश के चलते ओपीडी सेवाएं दो दिन के लिए बंद रहेंगी। आपातकालीन सेवाएं यथावत चलती रहेंगी। इन दो दिनों के लिए इमरमेंसी ड्यूटी डाक्टर व स्टाफ का ड्यूटी रोस्टर बनाया गया। रोस्टर के अनुसार डाक्टर्स व स्टाफ ड्यूटी करेंगे। 2 नवम्बर शनिवार को अस्पताल की ओपीडी सहित अन्य सेवाएं पूर्व की तरह शुरू हो जाएंगी।


सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग- सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, फोड़ा फुंसी, कील मुहांसे, पिम्पल्स, सूजन, शीला, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर का इलाज
बवासीर - मलद्वार में मस्सा हो जाना, कभी कभी खून निकलना, कांटा चुभने जैसा दर्द, गुदा में जलन एवं खुजली होना का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक साफ न होने का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से
21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411




## खबर संक्षेप

### राज्य स्थापना दिवस पर घरों में जलाएं दीप : कलेक्टर



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 1 नवंबर को सभी जिला मुख्यालयों एवं प्रमुख नगरों में दीप प्रज्वलन किया जाना है। इसके मद्देनजर कलेक्टर नम्रता गांधी ने जिले के नागरिकों से अपने घरों में राज्य स्थापना दिवस पर दीप प्रज्वलन करने की अपील की है।

### बानगर में 3 को मातर महोत्सव

**धमतरी।** इस वर्ष भी 3 अक्टूबर को ग्राम बानगर में मातर महोत्सव रखा गया है। रात्रि में संगी जहुरियां नाचा पार्टी बिलईडबरी बलौदाबाजार की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच निर्मला साहू, उपसरपंच तामेश्वर साहू, पंच रामचरण पटेल, कीर्तन साहू, अशोक कुमार यादव जुटे हैं। यह जानकारी सुभाष सोनवानी ने दी।

## निधन

### ईश्वर लाल साहू



**मगरलोड।** ग्राम छिपली निवासी एवं ग्राम पंचायत बेलोरा सचिव ईश्वर लाल साहू उम्र 57 वर्ष का 29 अक्टूबर मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन, ग्रामवासी, पंचायत सचिव सम्मिलित हुए।

### मोहनलाल निर्मलकर



**धमतरी।** शासकीय माध्यमिक शाला डुमरपाली के शिक्षक मोहनलाल निर्मलकर 56 साल का अस्वस्थता के चलते रायपुर में निधन हो गया। उन्हें इलाज के लिए रायपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां 29 अक्टूबर की रात 1 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार बुधवार को उनके गृहग्राम खिसोरा में किया गया। वे रमा निर्मलकर के पति, लोकेश और मनीषा निर्मलकर के पिता व कोमल निर्मलकर, सुदर्शन निर्मलकर के भाई थे।




### गायत्री आयुष पॉलीक्लिनिक में भगवान धन्वंतरि पूजन एवं आयुर्वेद संगोष्ठी हुई

# आयुर्वेद चिकित्सा फिक्स डिपाजिट की तरह : डॉ. राठौड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



वैश्विक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेद नवाचार थीम पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी हटकेश्वर स्थित श्री गायत्री आयुष पॉलीक्लिनिक में भगवान धन्वंतरि पूजन एवं आयुर्वेद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य पैथोलॉजिस्ट डॉ दिलीप राठौड़ थे। अध्यक्षता श्रीमती सुशीला तिवारी वार्ड पार्षद ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ धर्मेंद्र सिन्हा आयुर्वेद चिकित्सक जिला उपाध्यक्ष आरोग्यभारती, डॉ प्रदीप प्रधान आयुर्वेद शल्य विशेषज्ञ रायपुर, प्रणेश विश्वास वरिष्ठ गायत्री परिवार दुर्ग, दिलीप नाग राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक, धन्वंतरि लाल नाग वरिष्ठ कार्यकर्ता थे। इस अवसर पर डॉ प्रदीप प्रधान ने बताया कि आयुर्वेद वैश्विक स्तर पर स्थापित हो रहा है। इसके द्वारा हम बड़ी बीमारियों पर भी अच्छा रिजल्ट प्राप्त कर सकते हैं। पंचकर्म के माध्यम से भी पुरानी एवं जटिल बीमारियों का इलाज किया जाता है। मुख्य अतिथि श्री राठौड़ ने बताया कि आयुर्वेद चिकित्सा एक फिक्स डिपाजिट जैसा है। एक बार आप डिपॉजिट कर दीजिए, फिर जिंदगी भर स्वास्थ्य लाभ लेते रहिए। आयुर्वेद पर चलते हुए अपनी इम्युनिटी को इतना बढ़ाएं कि वह हमारा एफ़डी की तरह काम करता है। आयुर्वेद काफी पुराना और शाश्वत है। सुशीला तिवारी ने बताया कि वह लंबे समय से आयुर्वेद चिकित्सा से जुड़ी हुई है। आयुर्वेद चिकित्सा जन-जन की चिकित्सा है। डॉ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के तहत दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र में आयुष मंत्रालय लगभग 170 बीमारियों पर विभिन्न बीमा एवं कैशलेस सुविधाओं के साथ इन योजनाओं को संचालित कर रहा है। आयुर्वेद की सेवाएं पूरे भारत में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से जन-जन तक पहुंचेगी। प्रणेश विश्वास ने प्रोजेक्टर ने स्वस्थ जीवन शैली को दिखाया। श्री गायत्री आयुष पॉलीक्लिनिक के संचालक डॉ दिनेश नाग, श्रीमती पूजा नाग ने अतिथियों को भगवान धन्वंतरि की फोटो एवं गायत्री मंत्र दुपट्टा से सम्मानित किया।

कार्यक्रम में डॉ सुधीर साहू, पीआर देवदास, डॉ पपेश जैन, डॉ जीएल साहू, डॉ गोपेश साहू, डॉ तेजराम साहू, डॉ शिशिर मिलाप, डॉ अब्दुल सादिक खान, डॉ देवेंद्र सिन्हा, श्रीमती माधवी सिन्हा, डॉ उत्तर पटेल, डॉ ओमप्रकाश मत्स्यपाल समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे। इस आयोजन में मनीष क्षीरसागर, रवि सिंह, विमल, दारा सिंह, प्रभात का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता ओमप्रकाश नाग व आभार प्रदर्शन दिलीप नाग ने किया।

## महिला से 33 हजार का गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कोतवाली पुलिस ने महंत घासीदास वार्ड में दबिश देकर एक महिला को अवैध रूप से गांजा की बिक्री करते गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली को मुखबिर से महंत घासीदास वार्ड स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास एक महिला द्वारा गांजा बिक्री करने की सूचना मिली। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ऊषा धुरी पति करण धुरी उम्र 48 वर्ष महंत घासीदास वार्ड निवासी को गांजा की बिक्री करते रंगेहाथ पकड़ा है। आरोपिया के कब्जे से 3 किलो 300 ग्राम मादक पदार्थ कीमत 33 हजार रूपये एवं नकदी 1 हजार कुल 34 हजार रूपये जब्त किया। पुलिस ने आरोपिया ऊषा धुरी के खिलाफ धारा 20-ख एडीपीएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में सिटी कोतवाली से एएसआई संतोषी, प्रआ हरीश साहू, आरक्षक गिरीश मिश्रा, महेन्द्र सिन्हा, भागवत खांडेकर, महिला आरक्षक प्राची गुप्ता, अनीता सिंह, सुनीता साहू, सोनिया साहू एवं शक्ति टीम से प्रआ लक्ष्मी नागवंशी, महेश्वरी सिदार, सरला तिवारी, वाहन चालक ठाकुरराम का योगदान रहा।

## नई आयुक्त प्रिया ने कार्यभार संभाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम आयुक्त विनय पोयाम के ट्रांसफर के बाद नई आयुक्त प्रिया गोयल ने ज्वाइनिंग ली। उन्होंने महापौर विजय देवांगन से महापौर कक्ष में मुलाकात की। इस अवसर पर महापौर और पार्षदों ने सुश्री गोयल का पुष्पगुच्छ के साथ स्वागत किया। सभी ने नई आयुक्त के साथ शहर के विकास के लिए सहयोग और नई योजनाओं पर चर्चा की। इस दौरान उपायुक्त पीसी सार्वा, एमआईसी सदस्य राजेश ठाकुर, केंद्र कुमार पेंदरिया, कमलेश सोनकर, पार्षद दीपक सोनकर, सूरज गहरवाल, लेखापाल नीरज देवांगन सहित कर्मचारी उपस्थित थे।

## गांवों में गौरा-गौरी जगाने की पुरानी परंपरा आज भी जीवित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



भगवान शिव और माता पार्वती की मूर्ति बनाकर मनमोहक झांकी निकाली जाती है

गांवों में गौरी गौरा जगाने की पुरानी परंपरा आज भी जीवित है। उमरगांव के ग्रामीण अंगेश हिरवानी, देवेंद्र सेन, महेश अग्रवाल, गट्टासिल्ली के राम कुमार सामरथ, बरबांधा के महेश नेताम, नगरी के गोलू मंडावी ने बताया कि ग्रामीण अंचल में दीपावली मनाने की अपनी लोक परम्परा व रीति रिवाज है। इस दिन को सुरहुति का नाम दिया जाता है। रात्रि में भगवान शिव की गौरा और माता पार्वती की गौरी के रूप में मूर्ति बनाकर मनमोहक झांकी निकाली जाती है। बाजे- गाजे के साथ गांव के गौरा चौक में विराजित किया जाता है। गौरा गौरी जगाने की अधिकांश परंपरा का निर्वहन आदिवासियों द्वारा किया जाता है। यह सिलसिला एक सप्ताह पहले शुरू हो जाता था। किंतु इस परंपरा पर अब आधुनिकता का प्रभाव हावी होने लगा है। अब मात्र औपचारिक बनकर रह गया है।पहले लोग उत्साह व जोश के साथ भाग लेते थे किंतु अब वह जोश व उत्साह दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों ने आगे कहा कि इस परंपरा को आज भले ही अंधविश्वास का नाम दे, किंतु पूर्वजों द्वारा परंपरा के रुप में दी गई इस धरोहर को वे अब भी क्रियान्वित कर रहे हैं। इसमें लोक कल्याण की भावना छिपी हुई है। ग्रामीण जीवन में एकता का संदेश देता है।

## पार्षद श्यामा ने बच्चों के साथ किया सुआ नृत्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का एक महत्वपूर्ण अंग है सुआ नृत्य। यह धान की कटाई के समय महिलाओं द्वारा उत्साह और उमंग के साथ किया जाता है। रामसागर पारा में इस परंपरा को और भी जीवंत बनाने के लिए पार्षद श्यामा साहू ने बच्चों के साथ सुआ नृत्य किया। श्यामा ने बच्चों को इस नृत्य के महत्व और इसकी परंपरा के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुआ नृत्य केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की संस्कृति का प्रतीक है और इसे बचाना हमारा कर्तव्य है।

## नगरी में बेहतर पुलिसिंग से आपराधिक घटनाओं में आई कमी




- टीआई ताम्रकार की ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में दहशत का माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



नगरी में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने में थाना प्रभारी शरद ताम्रकर सफल हो रहे हैं। नगरी में पूर्व में चाकूबाजी, गांजा एवं अन्य आपराधिक घटनाएं बेलगाम हो रही थीं लेकिन जब से शरद ताम्रकार ने नगरी में थाना प्रभारी का पद संभाला है तब से अपराधियों के हौसले पस्त हैं। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ रहा है जो अब अपराधियों की दहशत के साए से बाहर निकलते नजर आ रहे हैं।

नगरी में पेट्रोलिंग एवं आम जनता के बीच समन्वय के साथ ही बेहतर पुलिसिंग देखने को मिल रही है। ज्ञात हो कि नगर के कई मोहल्लों में गंजेड़ी, चाकूबाजों की टोली सक्रिय रहती थी जो आए दिन बड़ी बड़ी वारदात को अंजाम देती थी। किन्तु अब ऐसी टोलियों पर पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। शरद ताम्रकर के आते ही नगर में कानून व्यवस्था बेहतर हो गई है। इससे नगरवासी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि जब अपराध में भारी कमी देखने को मिल रही है।

इसकी एक ही वजह बेहतरीन पुलिसिंग के साथ कड़ाई से कानून व्यवस्था को लागू कराना है जिसका पूरा श्रेय थाना प्रभारी को जाता है। वे नगरवासियों की उम्मीदों पर खरा उतरते नजर आ रहे हैं।

## जरुरत के अनुसार ही बिजली का उपयोग करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

दीपावली पर्व पर सभी घरों में विद्युत झालर एवं लाइटिंग के अन्य उपकरणों का अत्यधिक मात्रा में साज-सज्जा किया जाता है जिससे विद्युत की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। अति भार के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर, लाइन एवं अन्य विद्युत उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने एवं विद्युतीय दुर्घटना होने एवं जन-धन की भी हानि की आशंका बढ़ जाती है। विद्युत वितरण कंपनी के कार्यपालन अभियंता अनिल प्रसाद सोनी ने बताया कि घरों में लाइटिंग हेतु कटे-छिले, निर्धारित मापदण्ड से कम एवं अमानक श्रेणी के वायर झालर या अन्य लाइटिंग बल्ब का उपयोग किये जाने से इसके संपर्क में आने से विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है।

कुछ शरारती तत्वों द्वारा हाथ में पटाखा जलाकर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत उपकरणों की ओर उछाला जाता है, जिससे भी विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है। कई स्थानों पर विद्युत के चालू लाइन में अवैध रूप से हुकिंग करके भी विद्युत का उपयोग किये जाने के प्रकरण सामने आये हैं। चेकिंग के दौरान ऐसा पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि मानक श्रेणी के सही वायर एवं उपकरणों का उपयोग करें। आवश्यकतानुसार ही विद्युत का उपयोग करें।

### औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के खाद्य परिसरों का किया निरीक्षण

**धमतरी।** दीपावली त्योहार को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जिले के खाद्य परिसरों श्री वीरम स्टोर्स नगरी, जायका जहान धमतरी, जेसी चॉकलेट धमतरी, जतिन ट्रेडिंग धमतरी, गोपी डेयरी धमतरी, ओम प्रोविजन स्टोर्स धमतरी, श्री भगवती बेकरी धमतरी, अमर प्रोविजन स्टोर्स धमतरी, जैन सुपर बाजार धमतरी, शैल सुपर मार्ट रत्नाबांधा, श्री रामजानकी लेनदेन केन्द्र रत्नाबांधा का निरीक्षण किया। वहीं महानागणेशी बीकानेर स्वीट्स कुरूद, अनुराधा स्वीट्स कुरूद, कृष्णा स्वीट्स कुरूद, श्री शुभ डेयरी भखारा, कृष्णा डेयरी एवं डेलीनीड्स भखारा, गौरव सुपर कलेक्शन मगरलोड, निषाद किराना स्टोर्स मेघा का निरीक्षण किया गया एवं जांच हेतु बेसन लड्डू, स्वीट केक, पेड़ा, अमूल ताजा, वनस्पति घी, शक्कर, मैदा, मैसूर पाक, रसगुल्ला, सोनपापड़ी, खोवा, बेसन, पनीर, दूध, खाद्य तेल का नमूना संग्रहण किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि इन वस्तुओं का संग्रहण कर परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया।

## ससुराल से लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**धमतरी।** अपने ससुराज से स्कूटी में वापस घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रक ने चपेट में ले लिया। इस घटना में घायल युवक की मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार शिवा बडोले पिता ईश्वर उम्र 28 वर्ष ग्राम मनकेशरी जिला कांकेर निवासी 27 अक्टूबर की सुबह स्कूटी में सवार होकर अपने ससुराल चारामा गया था। वहां से शाम को नेशनल हाईवे होते हुए वापस अपने घर ग्राम मनकेशरी लौट रहा था। इसी दौरान ग्राम रतेसरा के पास तेज रफ्तार अज्ञात ट्रक ने उसकी स्कूटी को चपेट में ले लिया। घटना के बाद चालक ट्रक सहित मौके से फरार हो गया। ट्रक की ठोकर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए चारामा अस्पताल लाया गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टर ने उसे धमतरी रिफर कर दिया। घायल को रत्नाबांधा रोड स्थित गुप्ता अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान घायल युवक की मंगलवार की रात्रि मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को मर्ग कायम किया। पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।




### कुरूद कालेज में पटेल जयंती पर हुआ आयोजन

# छात्रों को दिलाई राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



27 छग बटालियन रायपुर के कमान अधिकारी कर्नल सौरभ कुमार एवं लेफ्टिनेंट कर्नल आदिप के निर्देशानुसार महाविद्यालय के आचार्य डॉ. डीके राठौड़ एवं जनभागीदारी अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर के नेतृत्व में महाविद्यालय के एनसीसी एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्रों द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती 31 अक्टूबर की स्मृति के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया गया। छात्रों द्वारा एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इसके पश्चात सभी छात्रों को राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई गई। एनसीसी अधिकारी मेजर डा. ओमजी गुप्ता ने लौह पुरूष सरदार पटेल के कार्यों के बारे में जानकारी दी। आचार्य डॉ. डीके राठौर ने स्वतंत्रता पश्चात की ऐतिहासिक स्थिति और परिस्थिति जन्य चुनौतियों पर व्याख्यान दिया। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भोजराज चंद्राकर ने आज के वैश्विक वातावरण में आखर राष्ट्रवाद एवं सरदार पटेल की आासंगिता के बारे में छात्रों को अवगत कराया। बटालियन की ओर से भारतीय सेना के हवलदार दिनेश वोली उपस्थित थे।



## गोजी में आज मनाई जायेगी दीपावली



**सिर्री।** ग्राम गोजी में ग्रामवासियों ने बैठक कर 31 अक्टूबर को लक्ष्मी पूजा (दीपावली), 2 नवंबर को गोवर्धन पूजा, 3 नवंबर को भाईदूज (मातर) पर्व मनाने का निर्णय लिया है। भाईदूज (मातर) पर रात्रिकालीन कार्यक्रम के रूप में बच्चों का डांस होगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण अध्यक्ष बरातू राम गंगोई, उपाध्यक्ष उमेश, वासुदेव साहू, बिशेलाल साहू, सचिव देवलाल पाल, कोषाध्यक्ष संजय साहू, संरक्षक धनसिंग साहू, हेमलाल साहू, गोविंद साहू, रामनाथ साहू, ठाकुरराम साहू, तुकाराम साहू, इन्द्रनारायण साहू, माखन साहू, मोहन साहू, पुखराज साहू, शंकर साहू, जयमित्र साहू पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, छत्रपाल साहू, भूषण, गौकरण साहू पूर्व उपसरपंच जुटे हैं। राष्ट्रीय कन्या हिंदू संगठन गोजी की कन्याएं रिहर्सल कर तैयारी पूर्ण कर चुकी हैं।

## दीपावली पर लोग जमकर खरीद रहे पटाखे



**सिर्री।** सिर्री क्षेत्र में दीपावली त्योहार को लेकर लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। गांव के बाजारों में भी रौनक देखी जा रही है। धनतेरस के दिन भी लोगों ने खूब खरीदारी की। सिर्री सहित क्षेत्र के गांवों की पटाखा दुकान में भी लोगों की भीड़ लग रही है। सिर्री के व्यापारी कमलेश टंडन और लक्की टंडन ने बताया कि वह 5 रुपए से लेकर 2 हजार रुपए तक के पटाखे सहित माता लक्ष्मी की फोटो, विभिन्न डिजाइनों के हार, आकर्षक लाइट बेच रहे हैं। लोग हजारों रुपए के पटाख, पूजन सहित अन्य सामग्री की खरीदी कर रहे हैं।

















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130










दीपावली
की शुभ बेला में
अपने मन का
अंधकार मिटाएं
मिठाईयां खाएं
पटाखें चलाएं
और
दीपों का
त्यौहार मनाएं
राईस मिल एसोसिएशन
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
-: विनीत :-
समस्त पदाधिकारीगण
एवं
सम्माननीय सदस्यगण


सुख के दीप जले, घर आंगन में खुशहाली हो, बड़ों का आशीर्वाद और अपनों का प्यार मिले, ऐसी आपकी मंगल दिवाली हो।
दिवाली की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
Indane
इण्डेन गैस
50 years of Indane
Indane
SAFE.RELIABLE.CONVENIENT
सामान्य गैस कनेक्शन उचित दर पर तुरंत प्राप्त करें
धमतरी शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के ग्राहकों के लिए सुनहरा अवसर
गांव में गैस रिफलिंग घर पहुंच सेवा तुरंत प्राप्त करें
जिन ग्राहकों के पास सिंगल सिलेण्डर हैं वह डबल सिलेण्डर तुरंत प्राप्त करें
धमतरी गैस ( इण्डेन गैस ) हरफतराई रोड, शांति कॉलोनी, धमतरी
फोन : 07722-240917,238237,240817 मो. : 98271-55817


Happy
Diwali
समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली-गोवर्धन पूजा
एवं भाईदूज की
हार्दिक शुभकामनाएँ
श्रीमती कविता बाबर
सभापति वन समिति जिला पंचायत धमतरी
-: शुभेच्छु :-
योगेश बाबर
पूर्व जनपद उपाध्यक्ष धमतरी


TVS
धनतेरस एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं
TVS SCOOTER HOUSE
त्योहारों
की करें नई शुरुआत
एक्स-शोरूम कीमत ₹ 44 999# से शुरू
₹ 4500< तक नगद छूट
₹ 5 999** कम डाउन पेमेंट
TVS Radeon
COMMUTER BIKE OF THE YEAR
StaR city
Sport
MILEAGE KA BAAP
TVS XL100
SCOOTER HOUSE TVS
Near Gujrati Colony, Raipur road, Dhamtari
493773 C.G. Mo.no. 91 98271 96521
DIKESH MOTORS
NAGRI
Mo.no. 99817-61572

### तालाबों में प्रदूषण से लोग स्नान करने से करते हैं परहेज

# कार्तिक स्नान की परंपरा विलुप्त होने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कार्तिक स्नान की परंपरा धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। दशक भर पहले तालाब, नदी में सूर्योदय से पहले स्नान करने बच्चे, युवा, महिलाओं की काफी तादाद रहती थी, वह अब नजर नहीं आ रही है। सनातन धर्मावलंबियों का मानना है कि इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने की आवश्यकता है।

हिन्दू धर्म में कार्तिक को पवित्र महीना माना जाता है। युग पुरोहित नारायण कौशिक ने बताया कि कार्तिक स्नान और दीपदान से शुभ फल की प्राप्ति होती है। सूर्योदय से पहले नदी तालाब में स्नान कर दीपदान अवश्य करना चाहिए लेकिन अब यह परंपरा धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है। उन्होंने बताया कि कार्तिक स्नान में कमी आने का प्रमुख कारण तालाबों का प्रदूषण है। पहले लोगों की निस्तारी का प्रमुख स्थान तालाब होता था। जैसे-जैसे तालाब प्रदूषित होता गया वैसे-वैसे लोग तालाबों से दूरी बनाने लगे। अब हालात यह है कि चर्म रोग की शिकायत के चलते लोग तालाब में नहाने से परहेज कर चुके हैं। अभिभावक भी अपने बच्चों को कार्तिक स्नान के लिए तालाब जाने से मना करते हैं। कार्तिक स्नान की परंपरा को जीवंत बनाने तालाब, पोखरों को स्वच्छ बनाने की जरूरत है।



शहर में रहने वाली दीपा देवांगन, भगवती साहू, अनीता ध्रुव बताती हैं कि दशकों पहले सूर्योदय से पहले बड़ी संख्या में युवती, महिला, बच्चे कार्तिक स्नान के लिए तालाब जाते थे। स्नान के बाद तालाब में दीपदान करते थे। वापसी के दौरान शिवालय, मंदिरों में गीत गाते हुए पहुंचते और पूजा- अर्चना करते थे। पूरे कार्तिक माह भर स्नान और दीपदान करने के बाद कार्तिक पूर्णिमा पर आंवला वृक्ष के नीचे सात्विक भोजन पकाकर स्वयं और अन्य लोगों को खिलाते थे। कई जगहों पर यह परंपरा विलुप्त हो चुकी है।

पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि पद्मपुराण के अनुसार रात्रि में भगवान विष्णु के समीप जागरण, प्रातः काल स्नान करना, तुलसी माता की सेवा में संलग्न रहना, उद्यापन करना, दीपदान ये कार्तिक मास के प्रमुख पांच नियम हैं। ऐसा करने से सारे पाप धूल जाते हैं। साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है।

# नरक चतुर्दशी पर घर-घर जला यमदीप

- 14 दीप जलाकर यमराज की पूजा-अर्चना की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धनतेरस के दूसरे नरक चतुर्दशी का पर्व मनाया गया। कार्तिक कृष्ण की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले इस त्योहार को छोटी दिवाली भी कहा जाता है। इस दिन यमराज की पूजा हुई। अभ्यंग स्नान कर भक्तों ने पुण्य की प्राप्ति की।

ज्योतिषाचार्य पं. शिवप्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि नरक चतुर्दशी के दिन घर की साफ-सफाई कर यम की पूजा की जाती है। रात में तेल अथवा तिल के 14 दीपक जलाने की परंपरा है। घर के बाहर गृह स्वामी की ओर से यम दीप जलाया जाना सर्वहितकारी है। इससे घर परिवार में सुख, शांति आती है। घर के सदस्यों की अकाल मृत्यु नहीं होती। नर्क की यातनाएं नहीं भोगनी पड़ती।

मान्यता है कि कार्तिक कृष्ण की चतुर्दशी तिथि को भगवान विष्णु के अवतार श्री कृष्ण ने माता अदिति के आभूषण चुराकर ले जाने वाले निशाचर नरकासुर का वध कर 16 हजार कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। इसी कारण इस दिन को नरक चतुर्दशी के नाम से जानते हैं।

नरक चतुर्दशी पर दुर्लभ भद्रावास योग का निर्माण हुआ। इस समय भद्रा पाताल लोक में रहेंगी। इसके कारण पृथ्वी पर जीवों का कल्याण हुआ। इसके अलावा सर्वार्थ सिद्धि योग नक्षत्र योग, चित्रा नक्षत्र का संयोग रहा।

## दीपावली में सुरक्षा एवं बिजली की बचत का ध्यान रखें

- कुरूद के कार्यपालन अभियंता बंजारे ने की लोगों से अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

दीपावली पर्व पर सभी घरों में विद्युत झालर एवं लाइटिंग के अन्य उपकरणों का अत्यधिक मात्रा में साज-सज्जा किया जाता है, जिससे विद्युत की मांग में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है। अतिभार के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर, लाइन एवं अन्य विद्युत उपकरणों के क्षतिग्रस्त होने एवं विद्युतीय दुर्घटना होने एवं जन-धन की भी हानि की आशंका बढ़ जाती है। कुछ शरारती तत्वों द्वारा हाथ में पटाखा जलाकर ट्रांसफार्मर एवं विद्युत उपकरणों की ओर उछाला जाता है, जिससे भी विद्युत दुर्घटना घटित हो सकती है। कई स्थानों पर विद्युत के चालू लाइन में अवैध रूप से हुकिंग करके भी विद्युत का उपयोग किये जाने के प्रकरण सामने आये हैं। विद्युत वितरण कंपनी संभाग कुरूद के कार्यपालन अभियंता जीके बंजारे ने कहा कि चेकिंग के दौरान ऐसा पाये जाने पर संबंधित के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी। श्री बंजारे ने आगे कहा कि पर्व के दौरान घरों में रोशनी हेतु मानक श्रेणी के सही वायर एवं उपकरणों का उपयोग करें एवं आवश्यकतानुसार ही विद्युत का उपयोग करें।

## पार्षद ने खरीदी पूजन सामग्री



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीपावली पर्व पर पार्षद श्यामा साहू ने बाजार में खरीदारी कर व्यापारियों का हौसला बढ़ाया। स्थानीय विक्रेताओं को प्रोत्साहित किया और उनके व्यापार को समर्थन प्रदान किया। बाजार में पार्षद ने दीपावली पूजा के लिए आवश्यक सामग्री जैसे फूल, प्रसाद, दीपक और सजावटी सामान खरीदा। उन्होंने कहा कि दीपावली पर स्थानीय स्तर पर खरीदारी करना न केवल हमारी संस्कृति का सम्मान है बल्कि इससे छोटे व्यापारियों को आर्थिक संबल भी मिलता है। पार्षद ने लोगों से अपील की है कि वे स्थानीय बाजार से खरीदारी करें और छोटे व्यापारियों का समर्थन करें।

# 12 आरक्षक बने प्रधान आरक्षक

- पदोन्नत आरक्षकों को मिला दिवाली का तोहफा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दीपावली त्योहार पर जिले के 12 आरक्षकों को पदोन्नति का तोहफा मिला है। पदोन्नत आरक्षक अब प्रधान आरक्षक बन गए हैं।

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश कुमार मिश्रा के आदेशानुसार पदोन्नति के लिए जारी योग्यता सूची वर्ष 2024 के अनुसार पीपी कोर्स उत्तीर्ण करने के बाद बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी आंजनेय वार्ष्णेय एवं एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने पदोन्नत 12 आरक्षक मनोहर लाल साहू, भूपेश कुमार सिन्हा, जीवनलाल ध्रुव, हेमराज ध्रुव, योगेन्द्र देव आनेश्वरी, महेश पटेल, सहादेव पटेल, देवव्रत सिंह, दौलतराम मरकाम, श्रवण कुमार ध्रुव, शांताराम ध्रुव व ठाकुरराम सिन्हा को फित्ती लगाकर प्रधान आरक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि पदोन्नति निम्न पद से बेहतर कार्य करने के पश्चात उच्च पद की ओर बढ़ने वाली प्रगति है, जिसमें कर्तव्यों में भी परिवर्तन आ जाता है। जिम्मेदारी एवं कार्यों में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर एएसपी मणिशंकर चंद्राकर, डीएसपी भावेश साव, निरीक्षक एम खिलेश शुक्ला, स्थापना प्रभारी लक्ष्मी ध्रुव व डिगेश शर्मा सहित मौजूद पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है।



## फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का निःशुल्क प्रशिक्षण मिलेगा

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) धमतरी द्वारा फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी का निःशुल्क एवं आवासीय सुविधायुक्त प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवाओं से 5 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

निदेशक, बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि आवेदक राशनकार्ड, प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी तथा 4 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ आवेदन कम्पोजिट भवन के पीछे स्थित बड़ौदा स्वरोजगार संस्थान में जमा कर सकते हैं।

# केशकाल घाट में निर्माण कार्य, सिहावा रोड में लग रहा जाम

- मालवाहक भारी वाहनों से दुर्घटना की आशंका बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल हाईवे स्थित केशकाल घाट में इन दिनों सड़क निर्माण कार्य चालू है। सड़क अवरूद्ध होने से वाहनों का रूट डायवर्ट किया जा रहा है। बस्तर, जगदलपुर जाने वाले वाहनें धमतरी शहर से होकर सिहावा रोड के माध्यम से नगरी बोराई पहुंच रहे हैं। धमतरी पहुंचने पर मालवाहकों के कारण अर्जुनी चौक से सिहावा चौक तथा सिहावा रोड से अछोटा पथकर तक जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। जाम के कारण छोटे वाहन, बाइक, राहगीरों काफी परेशानी हो रही है। शहर के नागरिकों ने मालवाहकों को कांकेर से रूट बदलकर भेजने की मांग की है। विदित हो कि धमतरी की सड़क वैसे भी जर्जर है। ऊपर से 30-40 टन क्षमता वाले वाहनों के गुजरने से सड़क उखड़ने लगी है। दिन भर वाहनों की रेलमपेल से शहर की आबोहवा पूरी तरह प्रदूषित हो गई है। धूल का गुब्बार उठने लगा है।

इन सब समस्याओं को देखते हुए नेशनल हाईवे बाईपास का निर्माण किया गया है। बाईपास बनने के बाद 80 प्रतिशत हैवी वाहनों का रूट डायवर्ट हो गया है। वाहनों के शहर प्रवेश नहीं होने से नागरिकों ने राहत की सांस ली थी लेकिन इसी बीच केशकाल घाटी में सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया। इससे अब बाईपास में चलने वाले सभी 80 प्रतिशत वाहनें धमतरी होते हुए सिहावा मार्ग में चलने लगे हैं जो नगरी बोराई होते हुए बस्तर पहुंच रहे हैं। इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है।

### रोड को बना दिया पार्किंग

शहर के नागरिक शिव पटेल, ऋषि पटेल, त्रिलोक बंजारे, भागवत साहू, सिहावा रोड के निवासी ने बताया कि हैवी वाहनों के चलने से सिहावा रोड में पैदल चलना मुश्किल हो गया है। रात्रि विश्राम व भोजन के लिए चालक रोड किनारे वाहन को खड़ा कर देते हैं। रात के अंधेरे में वाहनों के टकराने का खतरा बढ़ गया है।

### वाहनों के लिए बनाया वैकल्पिक मार्ग

जानकारी के मुताबिक रायपुर की ओर से आने वाले वाहनों के लिए धमतरी होते हुए वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है। रायपुर से धमतरी, चारामा मार्ग बनाया गया है। वाहन रायपुर से धमतरी, चारामा, कांकेर, दुधावा, मचली, विश्रामपुरी, केशकाल, कोंडागांव होते हुए जगदलपुर पहुंचेंगे। इसी तरह जगदलपुर से रायपुर के लिए जगदलपुर, कोंडागांव होते हुए दुधावा चारामा धमतरी पहुंचेंगे।




बालाजी राघव जनरल स्टोर्स
सतीपारा, सांकरा (नगरी) मो. 7587701814, 9406021944
की ओर से क्षेत्रवासियों को दीवाली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज की शुभकामनाएं
दैनिक उपयोग की सामाग्री | पूजा सामाग्री | छेवारी दवा | जड़ी बूटी
हमारे यहां मड़िया, कुल्थी, अलसी, कोदो चांवल, रसनाजड़ी, बंजीर, बायबिरिंग, असगंध, सर्पगंध, सतावर, नीम तेल, आरंडी तेल, तिल तेल एवं सभी प्रकार की जड़ी बूटी उपलब्ध है।
लूनकरण साहू | पुष्पलता साहू | पूनमचंद साहू | प्रवीण साहू

एसएमसी हॉस्पिटल, धमतरी
लेज़र से बवासीर, फिशर और फिस्चुला का ऑपरेशन
25% की विशेष छूट के साथ मात्र 15000 /-



लेज़र के फायदे
- बिना चीरा, बिना टांका, बिना रक्तस्त्राव
- न्यूनतम दर्द, जलन, परेशानी, दवाइयाँ, पट्टी
- उसी दिन छुट्टी, शीघ्र रिकवरी
- आसान और सुरक्षित प्रक्रिया

संपर्क/व्हाट्सएप करें 7725001343, 7725046397
एस. एम. सी. हॉस्पिटल, धमतरी
प्रदीप हॉस्पिटल, कुरुद



प्रदीप हॉस्पिटल
नेशनल हाइवे 30, कुरूद रोड, कुरूद, धमतरी छ.ग. मो 9981107366
समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं

जनरल सर्जरी : हार्निया, हाइड्रोसील, बवासीर
स्त्रीरोग : बच्चेदानी की गांठ, सूजन एवं बांझपन, प्रसुति डिलीवरी, सिजेरियन, सेक्सन
शिशु रोग : छोटे बच्चे की सर्जरी एवं इलाज
यूरोलॉजी : प्रोस्टेट पथरी, सिकुड़न, नपुसंकता
हड्डी रोग : फैक्चर, चोट, पाव

सुविधाएं : 4 डी सोनोग्राफी और डिजिटल एक्सरे, 60 साल से अधिक के वरिष्ठ नागरिकों के लिए परामर्श, सोनोग्राफी एवं एक्सरे सुविधा मुफ्त। इसके अलावा एक्सरे, सोनोग्राफी, आधुनिक पैथोलॉजी लैब, कोल्पोस्कोपी, हिस्टेरोस्कोपी, मेडिकल एवं एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध है।
आयुष्मान कार्ड से मरीजों का इलाज उपलब्ध है।
डॉ. प्रदीप साहू
MBBS, MS, MCH



शुभ लाभ
हर घर में हो उजाला आए, ना कोई रात काली
हर घर मे मनाएं खुशियां, हर घर मे हो दिवाली
समस्त प्रदेशवासियों को
धनतेरस
दीपावली
गोवर्धन पूजा
एवं
भाईदुज
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं..
अजय चंद्राकर
विधायक कुरुद
विनीत : समस्त मित्रगण कुरूद

संकलनकर्ता - यशवंत गंजीर हरिभूमि संवाददाता कुरूद मो.9826882770


धनतेरस व दीपावली के शुभ अवसर पर
मेरा SWARAJ
इस त्यौहार इनामों की बौछार
ऑफर सीमित समय के लिए
1 सितम्बर 2024 से 30 नवम्बर 2024 तक
धनतेरस एवं दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
6 YEARS WARRANTY
SWARAJ 742 XT
SWARAJ 735 XT
मेरा SWARAJ
733 FE
मात्र
5,15,733/-
में घर लाओ
RTO/बीमा का चार्ज अलग रहेगा
2 YEARS WARRANTY
SWARAJ DURAVATOR
मात्र
39,999/-
डाउनपेमेंट में घर लाओ
SWARAJ 733 FE
*नियम एवं शर्तें लागू
छत्तीसगढ़ ट्रेक्टर्स
रायपुर रोड, बठेना चौक, धमतरी
मो. : 87704-83854, 94255-12494
प्रो. अनिल साहू
ब्रांच ऑफिस - नगरी, मगरलोड, कुरूद, कुकरेल, भखारा


दीपज्योतिः परब्रह्म दीपज्योतिर्जनार्दनः।
दीपो हरतु मे पापं दीपज्योतिर्नमोऽस्तु ते।।
आपको
दिवाली
की हार्दिक
शुभ कामनाये
-श्रीमंत विश्वजीत सिंह किरदत्त
Vishwajeet Singh
Vishwajeet27


सोनालीका
5100/-
पांच हजार एक सौ रूपए
देकर आप बने
सोनालिका ट्रेक्टर के मालिक
समस्त किसान भाईयों को
शुभ धनतेरस
एवं
दीपों का महापर्व
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
धनतेरस
पर
25g GOLD
सोने-चांदी एवं 11011
उपहारों की बौछार
15
सोनालीका टाइगर^
DI 65 CRDS 4WD
17
टाटा पंच कार^
111
रॉयल एनफील्ड^
151
हौंडा शाइन^
(100 cc)
और भी ढेरों उपहार^
SONALIKA HEAVY-DUTY ASSURANCE
FIVE 5 YEARS
WARRANTY
हैवी ड्यूटी मतलब सोनालीका
विश्व की सर्वप्रथम हैवी ड्यूटी ट्रैक्टर रेंज
DLX DI 60 TORQUE PLUS
₹ 8 59 999.*
DI 730 III
₹ 4 71 000.*
MVT Tractors (Dhamtari)
ब्रांच : कुकरेल, नगरी, बोराई, अक्लाडोंगरी, नारायणपुर
Mob. : 9993546452, 6260616267, 9424210131, 9399253083
^551 ईनाम का ऑन लाईन लकी ड्रॉ इवेंट अनुमानित दिसम्बर 2024 में झारखण्ड और छत्तीसगढ़ के लिए आयोजित किया जाएगा। इन ईनामों की अनुमानित कीमत और संख्या ₹11 09 900. तक का 1 ट्रैक्टर, ₹6 12 900. तक की 1 कार, 25 g - 3 GOLD COIN-22 Carat, ₹1 75 000. तक की 5 बुलेट, ₹1 20 000. तक के 5, 6' रोटावेटर, ₹66 000. तक की 6 मोटर साइकिल, ₹12 000. तक की 15 वाशिंग मशीन, ₹10 000. तक की 25 LED TV, ₹8 000. तक के 55 मोबाईल फोन, ₹2 500. तक के 175 जूसर मिक्सर, ₹1 500. तक के 260 रिस्ट वॉच।
ईनाम से सम्बन्धित सभी सरकारी लेवी/कर ग्राहक द्वारा वहन किये जाएंगे। ^ऊपर दर्शाये गए ईनाम केवल प्रतिनिधित्व के लिए हैं, मूल ईनाम भिन्न हो सकते हैं। *नियम एवं शर्तें लागू, दर्शाए गए मॉडल्स की कीमतें और ऑफर सोनालीका के छत्तीसगढ़ के डीलरों के सौजन्य से, आर.टी.ओ., इंश्योरेन्स, फाइनेन्स एवं एक्सचेंज शामिल नहीं हैं।
*दिखाई गई कीमतें Ex-Showroom हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.sonalika.com और अपनी नज़दीकी डीलरशिप पर विजिट करें।
मिस्ड कॉल:
9672818444

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 31 अक्टूबर 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

## समस्त क्षेत्रवासियों को दीपो का पर्व दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



## माँ लक्ष्मी जी की आरती

ऊँ जय लक्ष्मी माता, मैया जय लक्ष्मी माता ।
तुमको निसदिन सेवत,हर विष्णु विधाता ॥
उमा, रमा, ब्रम्हाणी, तुम ही जग माता ।
सूर्य चद्रंमा ध्यावत, नारद ऋषि गाता ॥
॥ ऊँ जय लक्ष्मी माता... ॥
दुर्गा रूप निरंजनि, सुख–संपत्ति दाता ।
जो कोई तुमको ध्याता, ऋद्धि–सिद्धि धन पाता ॥
॥ ऊँ जय लक्ष्मी माता... ॥
तुम ही पाताल निवासनी, तुम ही शुभदाता ।
कर्म–प्रभाव–प्रकाशनी, भव निधि की त्राता ॥
॥ ऊँ जय लक्ष्मी माता... ॥
जिस घर तुम रहती हो, ताँहि में हैं सद्गुण आता ।
सब सभंव हो जाता, मन नहीं घबराता ॥
।। ऊँ जय लक्ष्मी माता... ॥
तुम बिन यज्ञ ना होता, वस्त्र न कोई पाता ।
खान पान का वैभव,सब तुमसे आता ॥
ऊँ जय लक्ष्मी माता... ॥
शुभ गुण मंदिर सुंदर, क्षीरोदधि जाता ।
रत्न चतुर्दश तुम बिन, कोई नहीं पाता ॥
।। ऊँ जय लक्ष्मी माता... ॥
महालक्ष्मी जी की आरती, जो कोई नर गाता ।
उँर आंनद समाता,पाप उतर जाता ॥
॥ ऊँ जय लक्ष्मी माता... ॥


**गौकरण साहू**
भाजपा जिला उपाध्यक्ष
धमतरी


**डीलन चन्द्राकर**
जिलाध्यक्ष सरपंच संघ धमतरी
सरपंच ग्राम पंचायत दहदहा


**लोकेश साहू**
जनपद सदस्य
क्षेत्र क्र. 19, जनपद पंचायत कुरूद


**थानेश्वर तारक**
अधिवक्ता
सरपंच ग्राम पंचायत गोजी


**बसंत साहू**
पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक
कांग्रेस कमेटी, कुरूद


**दाऊ टकेश्वर चंद्राकर**
ग्राम सिवनीकला


**सागर साहू**
मंत्री भाजयुमो
सिर्री मंडल


**इन्द्र नारायण साहू**
जिला उपाध्यक्ष
युवा प्रकोष्ठ साहू समाज धमतरी


**तेजेश्वर कुर्रे**
अध्यक्ष
सतनामी समाज, ब्लॉक भखारा


**नरेन्द्र साहू**
सरपंच
ग्राम पंचायत परसवानी


**महेश्वरी रोशन चन्द्राकर**
सरपंच
ग्राम पंचायत अटंग


**संजय साहू**
उपाध्यक्ष
भाजयुमो कुरूद मंडल


**जगतपाल साहू**
सरपंच
ग्राम पंचायत नारी


**लकेश्वर कुमार साहू**
ग्राम गोबरा


**सीताबाई साहू**
उपसरपंच
ग्राम पंचायत कोकड़ी (नारी)



आमंत्रण ज्वेलर्स
आभूषण के विक्रेता
सोना-चांदी-हीरा राशि रत्न
शनि मंदिर के पास, बालक चौक, धमतरी
मो. 8871612000, 9425512392 प्रो. ज्ञानचंद लुनावत, संकेत लुनावत


दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
दिवाली
धर्मेन्द्र साहू
कुनाल साहू
विनीत :- पी.एल.साहू (नीलकंठेश्वर धाम)


दिवाली
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
फ्रेन्ड्स ढाबा
मो. - 9826548003
आपका स्वागत करता है...
विनीत:-
नवदीप सिंह गौर


शुभ दीपावली
ग्राम पंचायत देवरी (भखारा)
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
हरिशचंद्र बैस
सरपंच
श्रीमती उत्तरा चंद्राकर
उपसरपंच
नारायण बैस
मनीराम बैस
श्रीमती देवकी बाई
श्रीमती भुनेश्वरी बाई
श्रीमती जानकी बाई
देवकुमार साहू
श्रीमती रेखा बाई
हेमकुमार साहू
सदाराम साहू
श्रीमती हेनेश्वरी साहू
श्रीमती कौशिल्या बाई
ओमप्रकाश साहू
श्रीमती दुलारी बाई
रामकृष्ण साहू
रोजगार सहायक
बिसेलाल साहू
ऑपरेटर
-:विनीत:-
समस्त पंच एवं ग्रामवासी
ग्राम - पंचायत देवरी (भखारा)
मोहन लाल साहू (सचिव)
यशवंत यादव, भृत्य



दिवाली
केसर अमृततुल्य
कान्हा दूध डेयरी
दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनायें
विनीत:-
कान्हा डेलीनिड्स एवं दूध डेयरी, भखारा
ताजा पनीर, दूध एवं दही
हमेशा उपलब्ध


समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को दीपोत्सव, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
Raman Sweets
SWEETS & SNACKS
Raman Sweets
बस स्टैण्ड, धमतरी


आप सभी क्षेत्रवासियों को
शुभ दीपावली
गोवर्धन पूजा
एवं देवउठनी पर्व की
हार्दिक शुभकामनाएँ
इंदर चोपड़ा पूर्व विधायक धमतरी


समस्त नगरवासियों को
महापर्व दीपावली - गोवर्धन पूजा एवं भाई दूज
की हार्दिक बधाई
एवं कोटिशः शुभकामनाएं
श्यामा साहू पार्षद रामसागरपारा धमतरी


।। श्री गणेशाय नमः ।।
समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली, गोवर्धन पूजा
एवं भाई दूज की हार्दिक बधाई
प्रकाश केटरिंग
एवं किराया भंडार
नए साज-सज्जा के साथ सजावट व साऊंड सिस्टम,
लाइट व फूल डेकोरेशन के समान उपलब्ध
प्रकाश सिन्हा
विशेष- छतीसगढ़ीया, क्रिश्चयन, पंजाबी शादी में ट्रेंड कुक द्वारा खाना तैयार किया जाता है।
खाना का प्लेट सिस्टम से आर्डर लिया जाता है। धार्मिक कार्यों के लिए विशेष छूट
मराठा मंगल भवन के पास, बांसपारा, धमतरी मो. 99268-79800, 91314-62661


झिलमिलाते दीपों की रौशनी से प्रकाशित ये
दीपावली
आपके घर में सुख समृद्धि का
आशीर्वाद लेकर आए
समस्त स्नेहीजनों को
दीपावली एवं भाई दूज
की हार्दिक
शुभकामनायें
विजय गोलछा
अध्यक्ष
श्री सकल जैन समाज
धमतरी


प्रकाश व खुशियों का
महापर्व दीपावली
आपके जीवन में
सुख-समृद्धि लाए
समस्त क्षेत्रवासियों एवं शुभचिंतकों को
दीपावली-गोवर्धन पूजा
भाईदूज की
हार्दिक शुभकामनाएँ
नीशू चन्द्राकर
उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी
पूर्व अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस ग्रामीण धमतरी


दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज की
हार्दिक शुभकामनाएं
ओम मिष्ठान भण्डार
रत्नाबांधा रोड, धमतरी
ओम मिष्ठान भंडार
शुभ दीपावली
पुष्कर यादव
प्रदेश कोषाध्यक्ष यादव ठेठवार समाज छग
जिला मंत्री भाजपा युवा मोर्चा धमतरी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष पीजी कालेज धमतरी